08

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

संवेदक **Nand Kishor Singh** (Regd. No-1240430, Pan-CMJPS7062M), Vill-Gurura, Post-Belwan, Near Jawahir Maee, PS-Agrer, Dist-Rohtas, Pin-802217 द्वारा कार्य प्रमंडल, सासाराम–01 के अधीन निविदा आमंत्रण सूचना–RRSMP-13/2024-25 के तहत मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयण योजना के अवयव के रूप में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत निविदा(टेन्डर आई0डी0–139730) में भाग लिया गया।

उक्त निविदा में संवेदक द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमरी बख्तियारपुर के कार्यालय से निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र के आधार पर निविदा में भाग लिया गया। तदोपरांत उक्त अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन संबंधित कार्यालय से कराने के उपरांत पाया गया कि उक्त अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी है।

संदर्भित निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने के कारण संवेदक Nand Kishor Singh को उक्त निविदा के तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 2397 दिनांक 24.06.2025 द्वारा अयोग्य घोषित करते हुए संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु किये गये अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 7978 दिनांक 22.07.2025 द्वारा संवेदक से कारणपृच्छा की गई।

उक्त कारणपृच्छा के आलोक में संवेदक Nand Kishor Singh द्वारा दिनांक 04.08.2025 को स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए उल्लेखित किया गया कि कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा भुलवश उक्त निविदा में गलत अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित किया गया है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संवेदक **Nand Kishor Singh**,(Regd. No-1240430, Pan-CMJPS7062M) द्वारा कार्य प्रमंडल, सासाराम–01 के अधीन निविदा (टेन्डर आई0डी0–139730) में फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने संबंधी आरोप के आलोक में बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(ix) में विहित प्रावधान के आलोक में 02(दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

29/8/25
(मो0 सुल्तान अहमद)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–148 / 2025 9405 / पटना, दिनांकः– 1.9.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / योजना एवं विकास विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8/25
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–148 / 2025 9405 / पटना, दिनांकः– 1.9.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8/25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–148 / 2025 9405 / पटना, दिनांकः– 1.9.25

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8/25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–148 / 2025 9405 / पटना, दिनांकः–1.9.25

निबंधित

प्रतिलिपिः–Nand Kishor Singh,(Regd. No-1240430), Vill-Gurura,Post-Belwan, Near Jawahir Maee, PS-Agrer, Dist-Rohtas, Pin-802217 को सूचनार्थ प्रेषित।

29/8/25

अभियंता प्रमुख